# ICMR: विदेश में फेलोशिप के लिए 30 तक करें आवेदन

एजुकेशन डेस्क | नई दिल्ली

हेल्थ और मेडिकल रिसर्च से जुड़े प्रोफेशनल्स के लिए विदेश में रिसर्च और ट्रेनिंग का मौका है। स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग (DHR) ने वर्ष 2026-27 के लिए शॉर्ट-टर्म और लॉन्ग-टर्म फेलोशिप के आवेदन मांगे हैं। इच्छुक उम्मीदवार 30 जून शाम 5 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

यह फेलोशिप हेल्थ रिसर्च से जुड़े विशेषज्ञों को विदेश के संस्थानों में नई तकनीक, रिसर्च और वैज्ञानिकों के साथ काम करने का अवसर देगी। इसका उद्देश्य देश में स्वास्थ्य अनुसंधान के क्षेत्र में प्रशिक्षित विशेषज्ञ तैयार करना है। शॉर्ट-टर्म फेलोशिप की अवधि 15 दिन से 3 महीने तक होगी। इसके लिए आवेदन करने वाले की उम्र अंतिम तिथि तक 57 वर्ष से कम होनी चाहिए। वहीं, लॉन्ग-टर्म फेलोशिप 6 महीने से 12 महीने तक की होगी। इसके लिए अधिकतम आयु 45 वर्ष तय की गई है। आवेदन केवल ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, नियम और अन्य जानकारी DHR की वेबसाइट पर उपलब्ध है। चयन पूरी तरह मेरिट के आधार पर होगा। आवेदन करने से फेलोशिप मिलना तय नहीं होगा। सभी फेलोशिप उपलब्ध बजट और समय-समय पर होने वाली प्रगति समीक्षा के आधार पर जारी रहेंगी। फॉर्म भरने के लिए आधिकारिक वेबसाइट schemes.dhr.gov.in है।